छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर
पिन कोड— 492002

सूचना का अधिकार

क्रमांक 886 / जी—1646 / 2011 / 1—सूअप्र, रायपुर, दिनांक 14 / 05 / 2013

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषय :— अपील आवेदन पत्र में जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पद एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित करने के संबंध में।

संदर्भ :— इस विभाग का परिपत्र क्र.3610 / जी—1646 / 2011 / 1—सूअप्र दिनांक 30.12.2011 एवं दिनांक 09.01.2013.

—00—

उपर्युक्त विषयांतर्गत इस विभाग द्वारा जारी संदर्भित परिपत्रो का कृपया अवलोकन करें। उक्त परिपत्रों में दिये गये निर्देशों का अभी भी कई विभागों, विभागाध्यक्षों एवं कलेक्टर्स कार्यालयों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। विभाग को कई शिकायतें इस संबंध में प्राप्त हो रही है तथा छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, रायपुर द्वारा भी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

2/ आदेशानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी के कक्ष के बाहर उनका नाम एवं पदनाम की पट्टिका तथा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत् कार्यालय में सूचना पटल पर भी उक्त जानकारी दर्शायी जाए।

3/ समस्त जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा अधिनियम के अंतर्गत पारित आदेश अथवा पत्राचारों में उनका नाम एवं पदनाम सुस्पष्ट अक्षरों में आवश्यक रूप से अंकित किया जावे।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करायें।

27 MAY 2013

राज्य सूचना आयोग
क्रमांक 5110
27 MAY 2013
हस्ताक्षर

(कमर अली)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ0क्र0 887 /जी–1646/2011/1–सूअप्र, रायपुर, दिनांक 15/05/2013

प्रतिलिपि :–

1. महामहिम राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, रायपुर।
3. रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर।
4. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, राजस्व मण्डल, बिलासपुर।
6. सचिवं, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, निर्मल छाया भवन, मीरादातार रोड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) की ओर उनके पत्र क्रमांक 786/लेखा/छगरासूआ/13 दिनांक 23.04.2013 के संदर्भ में।
7. संचालक, जनसंपर्क कार्यालय, रायपुर।
8. संचालक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, मंत्रालय, नया रायपुर की ओर वेबसाईट www.cg.in/gad/RTI पर अपलोड हेतु।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(कमर अली)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग